# प्रारुप--6

## प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

आज दिनाँक *17–10–2014* को *निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, पुरोला* (एजेन्सी का नाम) के द्वारा *रामा रपटा मोटर मार्ग कि0मी0 1* से *कमलेश्वर मन्दिर* तक बनाये जाने वाले मार्ग/प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री *के0पी0वर्मा, उपप्रभागीय वनाधिकारी सिंगतूर उपप्रभाग, टौंस वनप्रभाग पुरोला,* राजस्व विभाग की ओर से श्री *जयेन्द्र सिंह राणा, राजस्व उपनिरीक्षक* प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री *एस0के0 त्यागी, सहायक अभियंता,* अन्य दावेदारों की ओर से श्री *वीरेन्द्र सिंह रावत* तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में श्रीमती *सुमित्रा देवी, प्रधान ग्राम कण्डिया* के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें *850.00* (मी0) नाप भूमि.से, *724.00* (मी0) सिविल भूमि से, *शून्य* (मी0) वन पंचायत से, *1026.00* (मी0) आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण / स्थल के चयन में कुल *0.765* हे0 नाप भूमि, *0.652* हे0 सिविल भूमि, *शून्य* हे0वन पंचायत भूमि *0.923* हे0 आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल *1.575* हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग *671* वृक्ष *चीड़* प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से *शून्य* बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे ।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें *750.00* (मी0) नाप भूमि.से, *620.00*(मी0) सिविल भूमि से, *शून्य* (मी0) वन पंचायत से, *1230.00* (मी0) आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल *0.675* हे0 नाप भूमि, *0.558* हे0 सिविल भूमि *शून्य* हे0 वन पंचायत भूमि *1.107* हे0 आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल *1.665* हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवष्यकता होगी। इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग *616* वृक्ष *विभिन्न* प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से *02* बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे ।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण आरक्षित वन *01* कक्षों से गुजरेगा/में स्थित है। इन कक्षों की वर्तमान वन आच्छादन *घना.* है एवं इन कक्षों में *विभिन्न* प्रजाति के वन हैं। प्रभावित होने वाली नाप भूमि *0.765 है0* पर *शून्य* प्रजाति के वन हैं एवं प्रभावित होने वाली सिविल तथा नाप भूमि पर *चीड़* प्रजाति के वन हैं जिनका वर्तमान वन आच्छादन *0.80* है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का GPS मान 78⁰07'55.40"E 30⁰56'21.70"N है तथा यह स्थल *कण्डिया* से प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल *कमलेश्वर मन्दिर* है जिसका GPS मान 78⁰07'30.46"E 30⁰56'43.20"N है। चुने गये समरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के GPS मान 78⁰07'30.68"E 30⁰56'36.35"N हैं।

चयनित समरेखन में कुल *शून्य* पौधों को अन्य स्थानन्तरित (translocate) किया जाना आवश्क होगा ।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा ।

इस समरेखण पर *मोटर मार्ग* के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु *02* स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका GPS मान 78⁰07'55.82"E 30⁰56'20.56"N एवं 78⁰07'47.14"E 30⁰56'39.11"N हैं।

अन्य आवश्यक विवरण :– उपरोक्त मोटर मार्ग के निर्माण से स्थानीय ग्रामवासियों एवं क्षेत्र के श्रद्धालुओं को प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कमलेश्वर महादेव मन्दिर तक पहुँचने में सुविधा होगी तथा साथ ही क्षेत्र में पर्यटन का भी विकास होगा तथा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (एस0के0 त्यागी)<br>सहायक अभियंता<br>नि0ख0, लो0नि0वि0, पुरोला (उत्तरकाशी)<br>(प्रयोक्ता एजेन्सी) | (के0पी0 वर्मा)<br>उपप्रभागीय वनाधिकारी (सिंगतूर) टौंस वन प्रभाग पुरोला<br>(वन विभाग) | (जयेन्द्र सिंह राणा)<br>उपराजस्व निरीक्षक, गुन्दियाटगॉव पुरोला<br>(राजस्व विभाग) | (वीरेन्द्र सिंह रावत)<br>सामाजिक कार्यकर्ता<br>पुरोला<br>(अन्य दावेदार) | (सुमित्रा देवी)<br>प्रधान ग्रामपंचायत कण्डिया पुरोला<br>(जन प्रतिनिधि) |

नोट– इस रिपोट पर भूवैज्ञानिक की राय भी प्रस्ताव बनाने से पूर्व में ही प्राप्त कर ली जाये।

वन क्षेत्राधिकारी
पुरोला वन राजि
टौन्स वन प्रभाग